# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

**दूरभाष**:0151 -2970177 **ई :मेल**-registrar@mgsubikaner.ac.in


क्रमांक : एफ.07(112)मगंसिंविबी / विद्या परिषद–विशेष बैठक / 2024 / 13594 दिनांक : 20/12/2024

समस्त माननीय सदस्य
विद्या परिषद,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

**विषय :– विद्या परिषद की विशेष बैठक का कार्यवाही विवरण भिजवाने बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विद्या परिषद की दिनांक 19.12.2024 को आयोजित हुई विशेष बैठक का अंतिम रूप से जारी कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर सादर प्रस्तुत है।

संलग्न : कार्यवाही विवरण।

भवदीय,

कुलसचिव

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 .2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in


13594 20/12/24

## विद्या परिषद् विशेष बैठक

### कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद की विशेष बैठक दिनांक 19-12-2024 को दोपहर 02:00 बजे महर्षि शौनक भवन (कुलपति सचिवालय) के विद्या परिषद् सभागार में आयोजित हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **आचार्य मनोज दीक्षित, माननीय कुलपति** | अध्यक्ष |
| 2 | आचार्य राजाराम चोयल, संकायाध्यक्ष विज्ञान | सदस्य |
| 3 | डॉ. सतपाल, संकायाध्यक्ष शिक्षा | सदस्य |
| 4 | डॉ. पंकज जैन, संकायाध्यक्ष प्रबन्धन<br>संकायाध्यक्ष वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार | सदस्य |
| 5 | डॉ. अरविन्द कुमार बाजपेयी<br>माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नामित सदस्य | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6 | डॉ. ज्योति लखाणी, संयोजक-कम्प्यूटर विज्ञान | सदस्य |
| 7 | आचार्य अनिल कुमार छंगाणी, संयोजक-पर्यावरण विज्ञान | सदस्य |
| 8 | आचार्य देवेश खण्डेलवाल, संयोजक-भूगर्भ विज्ञान | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 9 | आचार्य संजय ईशर, संयोजक-गणित | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 10 | डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी, संयोजक-सूक्ष्म जीव विज्ञान | सदस्य |
| 11 | आचार्य राजेन्द्र पुरोहित, संयोजक-प्राणीशास्त्र | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 12 | आचार्य विक्रम जीत, संयोजक -संस्कृत | सदस्य |
| 13 | आचार्य सुमित्रा चारण, संयोजक-दर्शनशास्त्र | सदस्य |
| 14 | आचार्य पुष्पेन्द्र सिंह, संयोजक-भूगोल | सदस्य |
| 15 | आचार्य रजनी शर्मा, संयोजक-अर्थशास्त्र | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 16 | आचार्य साधना भण्डारी, संयोजक-लोक प्रशासन | सदस्य |
| 17 | डॉ. चन्द्रशेखर रंगा, संयोजक-ए.बी.एस.टी. | सदस्य |
| 18 | डॉ. मधुसूदन प्रधान, संयोजक-व्यवसायिक प्रशासन | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 19 | डॉ. वी.एन. सिंह, संयोजक विधि | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 20 | डॉ. सुधीर रूपाणी, संयोजक-शिक्षा | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 21 | डॉ. यशवंत गहलोत, संयोजक-शारीरिक शिक्षा | सदस्य |
| 22 | आचार्य आस्मा मसूद, संयोजक-उर्दू | सदस्य |

|  |  |  |
|---|---|---|
| 23 | डॉ. धर्मेश हरवानी, संयोजक-जैव तकनीकी | सदस्य |
| 24 | डॉ. संदीप सिंह, संयोजक-पंजाबी | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 25 | डॉ. देवीशंकर शर्मा, संयोजक-जे.वी.जे.वी. | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 25 | श्री उमेश शर्मा, संयोजक-पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | सदस्य |
| 26 | श्री जलेन्द्र सिंह, संयोजक-मनोविज्ञान | सदस्य |
| 27 | डॉ. मेघना शर्मा, कुलपति महोदय द्वारा नामित शिक्षक | सदस्य |
| 28 | श्री हरिसिंह मीना, कुलसचिव | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव श्री हरिसिंह मीना द्वारा विद्या परिषद् की विशेष बैठक में उपस्थित एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। विशेषकर विद्या परिषद् के नव-मनोनीत माननीय सदस्य प्रो. संजय ईशर, प्रो. विक्रम जीत, प्रो. रजनी शर्मा एवं प्रो. नरेन्द्र कुमार कुमावत का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात् सदस्य विद्या परिषद् द्वारा निवर्तमान माननीय सदस्य प्रो. इन्द्र सिंह राजपुरोहित, डॉ. मीनू पूनिया, प्रो. नन्दिता सिंघवी, प्रो. रचना माथुर, प्रो. सतीश कुमार गुप्ता एवं प्रो. ज्योति कपूर का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा विद्या परिषद् बैठक एवं विश्वविद्यालय कार्यो में दिये गए सहयोग की सराहना की गई।

सदस्य सचिव ने सदन को अवगत कराया कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का नवम दीक्षांत समारोह दिनांक 11 जनवरी, 2025 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है।

सदस्य सचिव ने विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों से दीक्षांत समारोह के पूर्वाभ्यास के लिए दिनांक 10 जनवरी, 2025 को सांय 04:00 बजे सामान्य वेशभूषा में एवं दीक्षांत समारोह दिवस 11 जनवरी, 2025 को प्रातः 10:00 बजे आवश्यक रूप से निर्धारित **दीक्षांत वेशभूषा** में विश्वविद्यालय में पधारने का आग्रह किया।

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सदस्य सचिव द्वारा सदन के समक्ष बिन्दुवार मद प्रस्तुत किये गए जिन पर विद्या परिषद् सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गए :-

<table>
<tr><th>मद संख्या</th><th>मद</th></tr>
<tr><td>01</td><td>विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2022 में स्वर्णपदक धारियों एवं शोधार्थियों की उपाधियों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव :<br>परीक्षा 2022 की स्नात्तक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कुल 63 स्वर्णपदकधारियों, एक कुलाधिपति पदक, एक कुलपति पदक एवं उत्तीर्ण कुल 1,26,949 परीक्षार्थियों तथा 01 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक शोध कार्य सम्पन्न कर चुके 84 विद्यावाचस्पतियों को फोटो युक्त उपाधि प्रदान करने का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है :-<br>
<table>
<tr><th>क्र. स.</th><th>श्रेणी</th><th>कुल</th></tr>
<tr><td>1</td><td>विद्यावाचस्पति</td><td>84</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 2 | कुलाधिपति स्वर्णपदक | 01 |
| 3 | कुलपति स्वर्णपदक | 01 |
| 4 | स्वर्णपदक | 63 |
| 5 | कुल वितरित की जाने वाली उपाधियां | 1,26,949 |

संलग्न–1 विद्यावाचस्पति शोधार्थियों की सूची।
संलग्न–2 कुलाधिपति, कुलपति एवं स्वर्णपदकधारियों की सूची।
संलग्न–3 कुल वितरित की जाने वाली उपाधियों का विवरण।

निर्णय **विद्या परिषद् द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।**

02 **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2022 में यूजीसी डिग्री स्पेशिफिकेशन अनुसार नामकरण एवं नए प्रारूप के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव :**

विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली निम्न उपाधियों के नामकरण भारत के राजपत्र में प्रकाशित (जुलाई 5– जुलाई 11, 2014) यूजीसी द्वारा जारी डिग्री स्पेशिफिकेशन अनुसार किये जाने एवं उपाधि के नए प्रारूप का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है :–

| क्र. स. | Name in English | हिन्दी में नाम |
|---|---|---|
| 1 | Bachelor of Law | बैचलर ऑफ लॉ |
| 2 | Master of Philosophy (Commerce) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (वाणिज्य) |
| 3 | Master of Philosophy (English) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (अंग्रेजी) |
| 4 | Master of Philosophy (Geography) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (भूगोल) |
| 5 | Master of Philosophy (Hindi) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (हिन्दी) |
| 6 | Master of Philosophy (History) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (इतिहास) |
| 7 | Master of Philosophy (Political Science) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (राजनीति विज्ञान) |
| 8 | Master of Philosophy (Zoology) | मास्टर ऑफ फिलॉसफी (प्राणिशास्त्र) |

संलग्न–4 उपाधियों के नए प्रारूप।

निर्णय **विद्या परिषद् द्वारा उपाधियों के प्रारूप का अनुमोदन किया गया ।**

03 **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2022 की मुद्रित की जाने वाली उपाधियों हेतु निर्धारित क्रमांक संख्या :**

विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली वर्ष 2022 की समस्त उपाधियों (ब्लैंक सहित) पर मुद्रण क्रमांक 19,80,001 से 21,40,000 तक दिया जाना है। क्रमांक संख्या अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय **विद्या परिषद् द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

04 **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 में स्वर्णपदकधारियों एवं शोधार्थियों की उपाधियों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव :**

परीक्षा 2023 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कुल 62 स्वर्णपदकधारियों, एक कुलाधिपति पदक, एक कुलपति पदक एवं उत्तीर्ण कुल 1,21,020 परीक्षार्थियों तथा 01 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक शोध कार्य सम्पन्न कर चुके 50 विद्यावाचस्पतियों को फोटो युक्त उपाधि प्रदान करने का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत

| | |
|---|---|
| | है :— |

| क्र. स. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1 | विद्यावाचस्पति | 50 |
| 2 | कुलाधिपति स्वर्णपदक | 01 |
| 3 | कुलपति स्वर्णपदक | 01 |
| 4 | स्वर्णपदक | 62 |
| 5 | कुल वितरित की जाने वाली उपाधियां | 1,21,020 |

संलग्न—5 विद्यावाचस्पति शोधार्थियों की सूची।
संलग्न—6 कुलाधिपति, कुलपति एवं स्वर्णपदकधारियों की अस्थाई सूची।
संलग्न—7 कुल वितरित की जाने वाली उपाधियों का विवरण।

**निर्णय** — **विद्या परिषद् द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।**

**05** — **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 में प्रथम बार प्रदान की जाने वाली उपाधियों के नए प्रारूप के अनुमोदन (यूजीसी डिग्री स्पेशिफिकेशन अनुसार नामकरण) हेतु प्रस्ताव :**

विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली निम्न उपाधियों के नामकरण भारत के राजपत्र में प्रकाशित (जुलाई 5— जुलाई 11, 2014) यूजीसी द्वारा जारी डिग्री स्पेशिफिकेशन अनुसार किये जाने एवं उपाधि के नए प्रारूप का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है :—

| क्र. स. | Name in English | हिन्दी में नाम |
|---|---|---|
| 1 | Bachelor of Education-Special Education (Locomotor Disability) | बैचलर ऑफ एजुकेशन—स्पेशल एजुकेशन(शारीरिक दिव्यांगता) |
| 2 | Bachelor of Education-Special Education (Intellectual Disability) | बैचलर ऑफ एजुकेशन—स्पेशल एजुकेशन(बौद्धिक दिव्यांगता) |
| 3 | Bachelor of Education-Special Education (Multiple Disabilities) | बैचलर ऑफ एजुकेशन—स्पेशल एजुकेशन(बहु दिव्यांगता) |

संलग्न—8 उपाधियों के नए प्रारूप।

**निर्णय** — **विद्या परिषद् द्वारा उपाधियों के प्रारूप का अनुमोदन किया गया ।**

**06** — **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 की मुद्रित की जाने वाली उपाधियों हेतु निर्धारित क्रमांक संख्या :—**

विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह में वितरित की जाने वाली वर्ष 2023 की समस्त उपाधियों (ब्लैंक सहित) पर मुद्रण क्रमांक 21,40001 से 23,00,000 तक दिया जाना है। क्रमांक संख्या अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय** — **विद्या परिषद् द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।**

**07** — **परीक्षा वर्ष 2022 एवं 2023 में मुद्रित होने वाली उपाधियों पर अंकित होने वाली ग्रेस पास दिनांक का अनुमोदन :**

विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली वर्ष 2022 एवं 2023 की

| | |
|---|---|
| | समस्त उपाधियों में अंकित होने वाली ग्रेस पास दिनांक का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। |
| निर्णय | **विद्या परिषद् द्वारा उपाधि प्रदान करने हेतु ग्रेस पास किया गया।** |
| 08 | **खेलकूद गतिविधि शुल्क (Sports Activity Fees) :**<br>खेलकूद गतिविधि शुल्क **(Sports Activity Fees)** जो कि कार्यालय आदेश क्रमांक 13654 दिनांक 06.07.2020 के द्वारा सत्र 2021–22 से प्रति वर्ष 150 रू. प्रति नियमित विद्यार्थी (100 रू. विश्वविद्यालय एवं 50 रू. महाविद्यालय) निर्धारित किया गया था, जो कि प्रति वर्ष (300 रू. प्रति नियमित विद्यार्थी, 200 रू. विश्वविद्यालय एवं 100 रू. महाविद्यालय) परीक्षा शुल्क के साथ रखे जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन। |
| निर्णय | **विद्या परिषद् द्वारा प्रस्ताव को स्थगित करते हुए आगामी नियमित बैठक में रखने का निर्णय लिया गया।** |
| 09 | **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित Master of Physical Education and Sports (MPES) पाठ्यक्रम की फीस निर्धारण संबंधी प्रस्ताव :**<br>स्पोर्टस बोर्ड की अनुशंषा एवं माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन अनुसार Master of Physical Education and Sports (MPES) पाठ्यक्रम की फीस रू. 30000/– प्रति सेमेस्टर रखे जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन। |
| निर्णय | **विद्या परिषद् द्वारा प्रस्ताव को स्थगित करते हुए आगामी नियमित बैठक में रखने का निर्णय लिया गया।** |
| 10 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से** |
| | मानद उपाधि प्रदान करने का प्रस्ताव :<br>इस विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान तक **"मानद उपाधि"** प्रदान नही की गई है। आगामी प्रस्तावित दीक्षांत समारोह दिनांक 11 जनवरी, 2025 में मानद उपाधि प्रदान की जानी प्रस्तावित है। |
| निर्णय | **विद्या परिषद् द्वारा व्यापक विचार-विमर्श उपरान्त मानद उपाधि प्रदान करने हेतु श्री** अरूण योगीराज एवं श्री राधाकिशन दमाणी के नाम पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधितों से सहमति प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। साथ ही विद्या परिषद् द्वारा आगामी समय में मानद उपाधि के संदर्भ में विद्या परिषद् की बैठक में सदस्यों द्वारा नामों के सुझाव प्रस्तुत करने एवं ऐसे प्रस्तावों पर विद्या परिषद् में विचार-विमर्श उपरान्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। |

अंत में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(हरिसिंह मीना)
कुलसचिव